रिपोर्ट

नैट के प्रथम पेपर के लिए कार्यशाला

मनोहर मैमोरियल पी0जी0कॉलेज में नैट के प्रथम पेपर के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन 16 से 21 मई, 2022 तक किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ0 गुरचरण दास जी द्वारा किया गया। प्राचार्य जी ने कहा कि विद्यार्थियों को नैट की तैयारी करने के लिए हर प्रकार की सहायता व सुविधाएं दी जाएगी।

इस अवसर पर कार्यशाला के कन्वीनर डॉ0 सुरेन्द्र पाल सिंह, इतिहास विभाग ने विद्यार्थियों को कार्यशाला की समय सारिणी से अवगत कराया। इस वर्कशाप में एम0ए0 इतिहास, एम0ए0 पंजाबी,एम0ए0 हिंदी,एम0ए0 इक्नामिक्स,एम0ए0 इंगलिश व एम0कॉम0 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के प्रथम दिन मुख्य वक्ता प्रो0 पूजा (सहायक प्राध्यापिका राजनीति विज्ञान) रही। उन्होंने शिक्षण अभिक्षमता विषय के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। जिसमें उन्होंने शिक्षण स्तर, शिक्षण विधियों, शिक्षण के उदेश्य, शिक्षण सामग्री आदि महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।





कार्यशाला का दूसरा दिन (17.05.2022)

कार्यशाला के दूसरे दिन अर्थशास्त्र विभाग से सहायक प्राध्यापक प्रो0 नरेन्द्र सिंह अर्थशास्त्र विभाग मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर न केवल विद्यार्थी ब्लकि विभिन्न विभागों के सहायक प्राध्यापक मौजूद रहे। प्रो0 नरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को अनुसंधान अभिक्षमता विषय के बारे में जानकारी देते हुए अनुसंधान के प्रकार, आंकड़े एकत्रित करने की विधियों और अनुसंधान की विशेषताओं के बारे में बताया।



कार्यशाला का तीसरा दिन (18.05.2022)

कार्यशाला के तीसरे दिन "उच्चतर शिक्षा विषय पर विस्तार व्याख्यान इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक सीमा द्वारा दिया गया। विद्यार्थियों को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिककालीन शिक्षा प्रणाली से अवगत करवाया।



कार्यशाला का चौथा दिन (19.05.2022)

कार्यशाला के चौथे दिन डॉ0 विकेश सेठी मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने नैट के प्रथम पेपर के विषय Communication ICT के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर न केवल नैट के पेपर बल्कि हर एक प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जरूरी है।



कार्यशाला का पांचवा दिन (20.05.2022)

कार्यशाला के पांचवे दिन नैट के प्रथम पेपर के एक महत्वपूर्ण विषय Reasoning, Data Interpretations के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। पांचवे दिन मुख्य वक्ता प्रो0 सुखदीप (सहायक प्राध्यापक गणित) रहे। इस व्याख्यान में विद्यार्थियों को Speed, Distance, Blood Relation, Interest आदि निकालना सिखाया गया।





कार्यशाला का छटा दिन (21.05.2022)

कार्यशाला के छठे एवं अंतिम दिन 21.05.2022 को प्रो0 विनोद कुमार ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव सांझा किए। कार्यशाला के समापन में कार्यशाला के कन्वीनर डॉ0 सुरेन्द्र पाल सिंह ने मैनेजमेंट, प्राचार्य महोदय व मुख्य वक्ताओं का कार्यशाला को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।